02/10/2024

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 155वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। देश भर में और विदेशों में भारतीय मिशनों द्वारा कई समारोह आयोजित किए गए। राष्ट्रीय राजधानी में बापू की समाधि, राजघाट पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्रियों, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने राजघाट पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी 120वीं जयंती पर याद कर रहा है। उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्रियों, लोकसभा में विपक्ष के नेता ने दिल्ली में लाल बहादुर शास्त्री की समाधि, विजय घाट पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी से स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लेने का आग्रह करते हुए कहा कि स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता एक बार का वादा नहीं बल्कि आजीवन व्रत है। कल नई दिल्ली में स्वच्छ भारत मिशन के 10 साल पूरे होने के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि स्वच्छ भारत प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने के लिए 140 करोड़ भारतीयों की अटूट भावना को सलाम किया और इस बात पर प्रकाश डाला कि स्वच्छ भारत मिशन की सफलता में सभी ने योगदान दिया है।

मोदी ने कहा कि सेवा पखवाड़े के सिर्फ 15 दिनों में देश भर में 27 लाख से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 28 करोड़ से अधिक लोगों ने भाग लिया।

00000000000000000000000

स्वच्छ भारत अभियान की 10वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आज ईटानगर में स्वच्छ भारत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में शामिल राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल केटी परनायक ने उम्मीद जताई कि यह अवसर सभी को गांधी जी के स्वच्छता के संदेश को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता रहेगा। राज्यपाल ने पूरे अरुणाचल प्रदेश में स्वच्छता अभियान में लोगों की भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि सभी अरुणाचलियों का प्रयास राष्ट्रपिता को सच्ची श्रद्धांजलि है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सभी से स्वच्छ मन, स्वच्छ शरीर और स्वच्छ परिवेश के प्रयास करने की अपील की।

00000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि राज्य सरकार का पक्के घोषणापत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पर्यावरण के प्रति दी गई प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि घोषणापत्र में सतत विकास के लिए 75 स्तंभ स्थापित किए गए हैं, जिनके अनुसार राज्य सरकार के विभाग अपनी वार्षिक कार्ययोजना तैयार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आज ईटानगर के स्टेट बैंक्वेट हॉल में गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित एक समारोह में यह बात कही। उन्होंने कहा कि विकास महत्वपूर्ण है लेकिन इसे प्रकृति और स्वच्छता के साथ तालमेल बिठाना होगा।

00000000000000000000000

देश के बाकी हिस्सों के साथ-साथ आकाशवाणी ईटानगर मे भी गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम में सभी कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई ।

0000000000000000000000

राजधानी पुलिस ने कल राजीव गांधी विश्वविद्यालय के साथ "अनेस होम - ट्रॉमा पीड़ितों के लिए एक उपचार केंद्र" नामक केंद्र की स्थापना के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। ईटानगर के एसपी रोहित राजबीर सिंह ने कहा, यौन शोषण, घरेलू हिंसा और अन्य घटनाओं के पीड़ितों को शरण, सुरक्षा और न्याय प्रदान करने के लिए अनेस होम बनाया गया है। यह केंद्र जल्द ही ईटानगर महिला पुलिस स्टेशन में काम करना शुरू कर देगा। अनेस होम की प्रमुख सुविधाओं में एक पुस्तकालय/सभागार, एक फिटनेस सेंटर, एक चाइल्ड सेफ रूम, एक कानूनी सहायता क्लिनिक, ट्रॉमा पीड़ितों के लिए एक परामर्श केंद्र, एक जिम और एक कैफेटेरिया शामिल हैं। आरजीयू इस पहल में अपनी विशेषज्ञता और समर्थन प्रदान करते हुए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सामाजिक कार्य, मनोविज्ञान, राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन और कानून विभागों के स्वयंसेवक परामर्श केंद्र में आवश्यक सहायता प्रदान करेंगे, विशेष रूप से ट्रॉमा पीड़ितों की सहायता करने में।

0000000000000000000000

राष्ट्रव्यापी स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने मंगलवार को पूरे राज्य में मेगा स्वास्थ्य मेला शुरू किया, जिसमें लोगों को निःशुल्क चिकित्सा जांच और परामर्श प्रदान किया गया। मेले का उद्देश्य स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना और व्यापक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना था।

इस कार्यक्रम ने लोगों को सरकारी चिकित्सा योजनाओं और लाभों के बारे में जानने के लिए एक मंच भी प्रदान किया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बियुराम वाहगे ने अपने संबोधन में सभी को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँचने और समग्र स्वास्थ्य सुधार के उद्देश्य से विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के अवसर का लाभ उठाने पर जोर दिया।

000000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) केटी परनायक ने मंगलवार को रोनो हिल्स, दोईमुख में राजीव गांधी विश्वविद्यालय के नए प्रशासनिक भवन की आधारशिला रखी। उन्होंने विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एनेक्सी भवन का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि नए प्रशासनिक भवन को सुचारू संचालन और प्रभावी शासन सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आरजीयू पुस्तकालय को "अकादमिक उत्कृष्टता का केंद्र और नवाचार, सुधार और परिवर्तन का जीवंत केंद्र होना चाहिए।

0000000000000000000000